<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 07.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. भारत ने न्यूक्लियर प्रोग्राम के दूसरे चरण में दर्ज की बड़ी उपलब्धि, प्रधानमंत्री ने देश के लिए गर्व का क्षण बताया, इंजीनियरों और वैज्ञानिक टीम को दी बधाई ।
2. खनन रियायत नियमों में केन्द्र सरकार ने किए महत्वपूर्ण संशोधन, खनन पट्टे के आसपास के क्षेत्र और उससे जुड़े खनिजों को शामिल करने का मार्ग होगा प्रशस्त ।
3. जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2026 बैकलॉग मामले में उच्च न्यायालय ने आयोग और राज्य सरकार से मांगा जवाब, 21 अप्रैल को अगली सुनवाई।
4. राज्य के कई हिस्सों में आज और कल आंधी और बारिश के साथ वज्रपात का पूर्वानुमान,मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

और

5. रांची में चल रही 16वीं हॉकी इंडिया सब सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड ने कल महाराष्ट्र को 6 शून्य से हराया

*******************

भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है।
तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकैलिटी हासिल कर ली है। एक रिपोर्ट

साउंड बाइट– रिपोर्ट ऑन परमाणु.... 50 सेकेंड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि भारत अपने नागरिक परमाणु ऊर्जा यात्रा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है, जो देश के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण को आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री ने परियोजना में शामिल वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी।

*******************

खान मंत्रालय ने खनिज रियायत नियमों में संशोधन अधिसूचित किया है, इससे खनन पट्टे के आसपास के क्षेत्र और उससे जुड़े खनिजों को शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। संशोधित नियमों में क्षेत्र विस्तार के आवेदन के निस्तारण के लिए सरल और समयबद्ध प्रावधान किए गए हैं। राज्य सरकार के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वह आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर अनुमति प्रदान करें। नियमों में किसी अन्य खनिज, जिनमें गौण खनिज भी शामिल हैं, को खनन पट्टे में शामिल करने की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है।

*******************

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच आश्वासन दिया है कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में उपभोक्ता कार्य विभाग के अपर सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि सरकार वस्तुओं की कीमतों और आपूर्ति पर नजर रख रही है।

केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी शिखा ने कहा कि देश में गेहूं और चावल का पर्याप्त बफर स्टॉक है।

*******************

रांची में झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 के तहत जिला स्तरीय शुल्क निर्धारण समिति की बैठक उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निजी विद्यालयों की फीस निर्धारण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और अभिभावकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। विद्यालयों को पिछले तीन वर्षों का कक्षावार शुल्क विवरण प्रस्तुत करने, अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही शुल्क वृद्धि करने

तथा पीटीए और शुल्क समिति की जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर 50 हजार से ढाई लाख रुपये तक जुर्माने की चेतावनी दी गई

*******************

रांची महापौर रोशनी खलखो की अध्यक्षता में नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति को लेकर आयोजित बैठक में संभावित जल संकट और उसके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वार्ड पार्षदों ने अपने–अपने क्षेत्रों की पानी से जुड़ी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। महापौर ने लीकेज पाइपलाइन, खराब हाइड्रेंट और चापानलों की मरम्मत के साथ नालियों की सफाई और टैंकर से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

*******************

झारखंड लोक सेवा आयोग,जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2026 की बैकलॉग को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई उच्च न्यायालय में हुई। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने जेपीएससी और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। प्रार्थियों की ओर से उक्त दोनों बैकलॉग परीक्षा की अभ्यर्थियों की अधिकतम उम्र सीमा वर्ष 2018 करने का आग्रह किया गया है।

*******************

बोकारो में सरकारी खजाने से वेतन मद में करोड़ों रुपए की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। जिला कोषागार से एक पुलिस सब इंस्पेक्टर के वेतन मद से 20 माह में 3.15 करोड़ रु. निकाल लिए गए। प्रधान महालेखाकार (पीएजी) चंद्रमौली सिंह द्वारा वित्त सचिव प्रशांत कुमार को भेजी गई गोपनीय रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने अकाउंट को भी फ्रीज करने के निर्देश दिये हैं।

साउंड बाइट– डीसी बोकारो ऑन जांच 16 सेकेंड

इधर जांच रिपोर्ट पर इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस विभाग के एकाउंटेंट कौशल कुमार पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया है कि कौशल कुमार पांडेय के द्वारा इस राशि को अपनी पत्नी एवं अन्य खातों में स्थानांतरित किया गया है।

*******************

रांची में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों की समीक्षा की गई, जिनमें अभियुक्तों का विचारण न्यायालय में लंबित है। बैठक में अभियुक्तों की समय पर न्यायालय में उपस्थिति और लंबित गवाहों की गवाही सुनिश्चित करने को लेकर सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए।

*******************

राज्य के कई हिस्सों में आज और कल आंधी के साथ बारिश गर्जन और वज्रपात का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है ।

*******************

रांची में चल रही 16वीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप के छठे दिन कल मेजबान झारखंड ने शानदार आगाज – करते हुए महाराष्ट्र को 6–0 से हरा कर पूल–ए में अपनी पहली जीत दर्ज की. . आज झारखंड का मुकाबला बिहार से होगा.

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने मध्य पूर्व युद्ध की खबरों के साथ चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है – सारंडा में 300 वर्ग किलोमीटर के दायरे में घिरे हैं 75 नक्सली ।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – जिला स्तरीय शुल्क निर्धारण समिति की बैठक में फैसला, रांची में निजी स्कूल अधिकतम 10 प्रतिशत फीस ही बढ़ा सकेंगे।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– झारखंड नगरीय पर्यटक कर नियमावली को मंजूरी

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बुंडू कोर्ट के भवन निर्माण में देरी पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी।

*********समाप्त***********